एनसीएस पर पिछले वर्ष आईं एक करोड़ नौकरियां

सरकारी पोर्टल नेशनल करियर सर्विस पर नौकरियों की मांग करने में वित्त और बीमा क्षेत्र रहा सबसे आगे

214 प्रतिशत की वृद्धि रही नौकरियों की मांग में 2022-23 के मुकाबले

35 लाख नौकरियों के लिए आवेदन मांगे थे निजी कंपनियों ने 2022-23 में

- आइटीआइ और डिप्लोमा होल्डर्स के लिए सबसे अधिक नौकरियों की मांग
- एनसीएस पोर्टल 2.0 में एआइ और एमएल के जरिये दी जाएगी मदद

जल्द एनसीएस 2.0 लांच करेगा मंत्रालय

मंत्रालय एनसीएस पोर्टल 2.0 लांच करने जा रहा है जहां नौकरी खोजने वाले और देने वाले दोनों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) व मशीन लर्निंग (एमएल) की मदद दी जाएगी। मंत्रालय अधिकारी के मुताबिक, मान लीजिए किसी ने इलेक्ट्रिशियन की नौकरी के लिए आवेदन किया। एआइ व एमएल की मदद से आवेदन को देखते हुए उसे सिस्टम बताएगा कि कौन सा कोर्स कर लेने पर उसे और अच्छी व अधिक वेतन वाली नौकरी मिल सकती है। वैसे ही नियोक्ता को उन आवेदकों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी, जिन्होंने उनकी नौकरी के लिए आवेदन नहीं किया है।

2023-24 के दौरान क्षेत्रवार नौकरियों की मांग

वित्त व बीमा	4,669
आपरेशंस एंड सपोर्ट	1,446
सेवा सेक्टर	1,070
विशेषज्ञ प्रोफेशनल्स सर्विस	154
शिक्षा	190
मैन्यूफैक्चरिंग	689
आईटी व संचार	494
अन्य	2,212

स्रोतः श्रम व रोजगार मंत्रालय। सभी संख्या हजार में।

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: सरकारी नौकरियों के लिए भले ही कम आवेदन मांगे जा रहे हैं, लेकिन निजी सेक्टर में युवाओं के लिए भरपूर अवसर दिख रहे हैं। श्रम व रोजगार मंत्रालय के नेशनल करियर सर्विस (एनसीएस) पोर्टल पर पंजीकृत होने वाली नौकरियां की संख्या इस बात का संकेत दे रही है। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल अप्रैल से लेकर इस साल 31 मार्च तक (वित्त वर्ष 2023-24) एनसीएस पोर्टल पर कंपनियों ने एक करोड़ नौकरियां के लिए आवेदन मांगे हैं। नौकरियां की यह संख्या वित्त वर्ष 2022-23 के मुकाबले 214 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान एनसीएस पोर्टल पर कंपनियों ने 35 लाख नौकरियों के लिए आवेदन मांगे थे। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 87.27 लाख आवेदकों ने एनसीएस पोर्टल पर पंजीकरण कराया।

पोर्टल के आंकड़ों के मुताबिक, निजी सेक्टर में सबसे अधिक नौकरियां की मांग वित्त एवं बीमा सेक्टर में हो रही है। वित्त वर्ष 2022-23 में वित्त व इंश्योरेंस सेक्टर की कंपनियों ने एनसीएस पोर्टल के जरिये 19.98 लाख नौकरियों के लिए आवेदन मांगे थी। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान इन सेक्टर की कंपनियों ने 46.69 लाख नौकरियों के लिए आवेदन मांगे हैं। मैन्यूफैक्चरिंग, शिक्षा, आइटी एवं संचार व अन्य प्रकार के प्रोफेशनल्स सेक्टर के लिए भी बड़ी संख्या में नौकरियों की मांग आई है। आइटीआइ और डिप्लोमा होल्डर्स के लिए सबसे अधिक नौकरियों की मांग हो रही है।

केंद्र सरकार ने निजी क्षेत्र में नौकरियों के अवसरों को युवाओं तक पहुंचाने के लिए एनसीएस पोर्टल की शुरुआत की थी। इस पोर्टल पर दसवीं पास से लेकर पीएचडी डिग्रीधारक तक नौकरी के लिए आवेदन कर सकता है। पोर्टल पर इस साल 31 मार्च तक 25.58 लाख नियोक्ता मौजूद थे।

हालांकि, इस पोर्टल पर यह डाटा उपलब्ध नहीं होता है कि रिक्त नौकरियों में से कितनी नौकरियां भर गई हैं। इस बारे में श्रम मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि कई बार जिन युवाओं को रोजगार मिल जाता है, वे भी अपने बायोडाटा को पोर्टल से नहीं हटाते हैं क्योंकि वे अगली अच्छी नौकरी की तलाश में रहते हैं। इसलिए नौकरी मिलने वालों की संख्या का सटीक आकलन नहीं किया जा सकता है।